J M International School.
(A Senior Secondary School Affiliated to CBSE)
(Centrally Air-Conditioned)

# HALF YEARLY EXAMINATION (2017-18)

कक्षा - IX

विषय – हिंदी

समय:3 घण्टे पूर्णांक : 80

**सामान्य निर्देश:- प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर स्पष्ट तथा सुंदर शब्दों में लिखिए।**

**प्र•1• निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **5**

ज्ञान तभी उपयोगी होता है,जबकि हम उसका प्रयोग परिस्थिति,काल और स्थान के अनुसार करते हैं। ज्ञान के सिद्धांत तो हमारे संस्कारों का,सोचने की प्रणाली का अंग बन जाते हैं। परंतु वे कभी-कभी जीवन में ठीक से प्रयोग नहीं किए जाते। 'सदा सत्य बोलो', 'बड़ों का कहना मानो', कभी क्रोध न करो' जैसे सिद्धांत कब,कहाँ और कैसे प्रयुक्त किए जाने चाहिए,यह एक समस्या रहती है। किसी की जान बचाने के लिए झूठ बोलना सत्य से अधिक उपयोगी हो सकता है। अन्यायपूर्ण आज्ञा का विरोध,आज्ञापालन से श्रेष्ठ कहला सकता है और दुराचारी पर क्रोध करना और उसे दंड देना मंगलकारी हो सकता है। इस प्रकार परिस्थिति, काल और स्थान के अनुसार ज्ञान का प्रयोग करने की क्षमता महंत्वपूर्ण है। हमारे देश में व्यक्ति के विकास सामाजिक विकास से इस प्रकार जोड़ा गया है कि दोनों को अलग-अलग करके देखा ही नहीं जा सकता। जीवन में ज्ञान और क्रिया का समन्वय ही सफल जीवन का आधार है। ज्ञान को परिस्थिति,काल और स्थान के अनुरूप ढालने का अर्थ ही यह है कि हम ज्ञान को समाज से जोड़ कर देख रहे हैं। कर्म रहित जीवन ज्ञान के होते हुए भी बेकार है । सिद्धांत बेड़ियाँ बन जाते हैं,यदि उनका प्रयोग जीवन में न किया जाए।

1• ज्ञान कब उपयोगी होता है?

2•किसी की जान बचाने के लिए बोला गया झूठ क्या होता है?

3•आज्ञापालन से श्रेष्ठ क्या होता है?

4•सफल जीवन का आधार क्या है?

5• ज्ञान को काल और स्थान के अनुरूप ढालने का क्या अर्थ है ?

**प्र•2• निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **5**

छोड़ मत अपनी आन,सीस कट जाए,
मत झुको अनय पर,भले व्योम फट जाए।
दो बार नहीं यमराज कंठ धरता है,
मरता है जो,एक ही बार मरता है।
तुम स्वयं मरण के मुख पर चरण धरो रे।
जीना है तो मरने से नहीं डरो रे।
स्वातंत्रय जाति की लगन,व्यक्ति की धुन है,
बाहरी वस्तु यह नहीं, भीतरी गुण है।
नत हुए बिना जो अशनि-घात सहती है,
स्वाधीन जगत में वही जाति रहती है।।

(क) संसार में कौन-सी जाति स्वतंत्र रहती है?
(ख) यमराज कितनी बार व्यक्ति का कंठ पकड़ता है?
(ग) व्यक्ति का भीतरी गुण क्या होता है?
(घ) कवि ने किसके सामने नहीं झुकने को कहा है?
(ग) काव्यांश में क्या संदेश दिया गया है?

## खण्ड 'ख'

प्र॰3॰ निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए। **2**
सत्यनिष्ठा , संतुलन

प्र॰4॰ (क) उचित स्थान पर अनुनासिक चिह्न का प्रयोग कीजिए। **1**
आच , कुआ

(ख) उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग कीजिए। **1**
संन्यासी , पण्डित

(ग) उचित स्थान पर नुक्ता का प्रयोग कीजिए। **1**
साफ , तेज

(घ) 'इक' प्रत्यय के योग से दो शब्द बनाइए। **1**

(ङ) 'उपहार' शब्द से मूल शब्द व उपसर्ग अलग कीजिए। **1**

(च) 'ज्ञानी' शब्द से मूल शब्द व प्रत्यय अलग कीजिए। **1**

प्र॰5॰ (क) संधि कीजिए। **2**
परम + अणु , सम् + सार

(ख) संधि विच्छेद कीजिए कीजिए। **2**
छात्रावास , सत्पाति

प्र॰6॰ उचित विराम चिह्नों का प्रयोग कीजिए। **3**
(क) मनीष रोहन अमित और सोनू घूमने गए
(ख) लड़कों ने कहा कितना सुंदर है ताजमहल
(ग) लड़का बोला ये कबूतर खरगोश और बंदर किसके हैं

## खण्ड 'ग'

प्र॰7॰ निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए। **(2+2+1)**
(क) हमारी सभ्यता धूल से क्यों बचना चाहती है? 'धूल' पाठ में नगरीय सभ्यता पर क्या व्यंग्य किया गया है ?
(ख) पर्वतारोहियों को हिमपात के कारण क्या-क्या परेशानियाँ उठानी पड़ती है?

(ग) अतिथि के आते ही लेखक व उसकी पत्नी की क्या प्रतिक्रिया हुई?

प्र.8. बुढ़िया के किस काम को लोग अपराध बता रहे थे और क्यो?'दुख का अधिकार' पाठ में समाज की किन विसंगत्तियों पर प्रकाश डाला गया है? 5

**प्र.9. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

ग्राम-भाषाएँ अपने सूक्ष्म बोध से धूल की जगह गर्द का प्रयोग कभी नहीं करतीं।धूल, वह जिसे गोधूलि शब्द में हमने अमर कर दिया है।अमराइयों के पीछे सूर्य की किरणों में जो धूलि सोने को मिट्टी कर देती है,सूर्यास्त के उपरांत ठीक लीक पर गाड़ी के निकल जाने के बाद जो रुई के बादल की तरह या ऐरावत हाथी के नक्षत्र- पथ की तरह जहाँ की तहाँ स्थिर रह जाती है,चाँदनी रात में मेले जाने वाली गाड़ियों के पीछे जो कवि-कल्पना की भाँति उड़ती चलती है,जो शिशु के मुख पर, फूल की पंखुड़ियों पर साकार होकर छा जाती है- धूल उसका नाम है।

(क) ग्राम भाषाओं में धूल की जगह गर्द का प्रयोग क्यों नहीं होता है? 1

(ख) धूल ,बादल और ऐरावत के समान कब स्थिर हो जाती है? 2

(ग) धूल का सौंदर्य कब और कैसे साकार हो जाता है? 2

**प्र.10. पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (2+2+1)

(क) 'वस्तु की महिमा उसके आकार पर नहीं उपयोग पर निर्भर करती है।'रहीम के दोहे' के आधार पर सिद्ध कीजिए।

(ख) रैदास की भक्ति दास्य भाव की है।स्पष्ट कीजिए।

(ग) मोती ,मानुष ,चून के संदर्भ में पानी के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

प्र.11. 'आदमी नाम' कविता पढ़कर आपके मन में मनुष्य का कौन-सा रूप उभरकर आता है? अपने शब्दों में लिखिए। 5

अथवा

रैदास के पदों का प्रतिपाद्य लिखिए।

प्र.12. कथानायक किशोर किस प्रकार साहस के साथ मौत को भी पराजित कर देता है? इसका विवरण देते हुए अपना मत भी व्यक्त कीजिए। 5

अथवा

कल्लू कुम्हार का उनाकोटी से क्या संबंध है?स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड 'घ'

प्र.13. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 5

**(क) संघर्ष ही जीवन है-**

संकेत बिंदु – संघर्ष का अर्थ , संघर्ष और जीवन एक दूसरे के पूरक, संघर्ष ही सफलता का आधार है ,उपसंहार

**(ख) आओ भारत सँवारे**

संकेत बिंदु – देश भक्ति और प्रेम, समस्याओं से मुक्त , सभी देशवासियों को सुख सुविधाएँ ,उपसंहार

**(ग) बढ़ते एकल परिवार**


संकेत बिंदु – भूमिका, समाज का बदलता स्वरूप , आर्थिक विवशताएँ , शहरों की ओर प्रस्थावन

प्र॰14॰ आप छात्रावास में रहते हैं अतः माँ के हाथों से बने खाने को याद करते हुए अपनी माता जी को पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपने मामा जी को पत्र लिखकर साक्षरता अभियान में अपनी भागीदारी का वर्णन कीजिए।

प्र॰15॰नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर मन में उभरे विचारों को अपनी भाषा में लगभग 50-60 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। विचारों का वणेन स्पष्ट रूप से चित्र से ही संबंधित होना चहिए। **5**



प्र॰16॰ चुनाव के समय दो मित्रों के बीच होने वाले संवाद लिखिए। (50से 60 शब्दों) 5

प्र॰17॰ नवरत्न कूल पाउडर के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5